भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4939
01 अप्रैल, 2022 को उत्तर के लिए

सरभोग में हवाई पट्टी

4939. श्री अब्दुल खालेक :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि द्वितीय विश्व युद्ध से पहले तक सरभोग, असम में एक विमान-प्रचालन हवाई पट्टी मौजूद थी ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार का शहीद वीरों के सम्मान में उक्त परित्यक्त हवाई पट्टी पर एक युद्ध स्मारक बनाने का विचार है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख): जी, हां। भारतीय वायु सेना के प्रबंधन में सरभोग, असम में 320.18 एकड़ माप का एक परित्यक्त विमान क्षेत्र उपलब्ध है।

(ग) और (घ): परित्यक्त हवाई पट्टी पर युद्ध स्मारक स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******